भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2033

उत्तर देने की तारीख : 11.02.2026

अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत संवितरण हेतु लंबित राशि

2033. श्रीमती बाग मिताली:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2023-24 के दौरान प्रत्येक अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की कुल संख्या राज्यवार कितनी है;

(ख) प्रत्येक योजना के लिए आज की तारीख तक संवितरण हेतु कितनी राशि लंबित है; और

(ग) क्या सरकार का चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले लंबित धनराशि जारी करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय देश भर में छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तीकरण हेतु मैट्रिक-पूर्व, मैट्रिकोत्तर और मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन करता है। हालांकि, इन योजनाओं को 2021-22 के बाद से कार्यान्वयन के लिए अनुमोदित नहीं किया गया है।

(ग): ऐसा कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

*****